BSES

# अब बीआरपीएल ऑफिसों में बैंकिंग सुविधा भी उपलब्ध, नेहरू प्लेस ऑफिस में लगी पहली एटीएम मशीन

- एक्सिस बैंक ने लगाया एटीएम
- नॉन टैरिफ इनकम के तहत की गई नई पहल
- डीईआरसी का आदेश– डिस्कॉम्स अपनी आय बढ़ाने के लिए तलाशें, नॉन टैरिफ इनकम
- उपभोक्ताओं पर बिजली दरों का बोझ कुछ हद तक कम करने में मदद मिलेगी

नई दिल्लीः 24 जनवरी, 2012। बीआरपीएल देश की पहली ऐसी बिजली वितरण कंपनी बन गई है, जो अपने उपभोक्ताओं को बैंकिंग सुविधाएं भी उपलब्ध कराने जा रही है। बीआरपीएल मुख्यालय नेहरू प्लेस में, एक्सिस बैंक ने अपना एटीएम लगाया है। आने वाले दिनों में दक्षिण और पश्चिम दिल्ली में बीआरपीएल के अन्य कस्टमर ऑफिसों में भी एटीएम लगाए जाएंगे। ये एटीएम चौबीसों घंटे व सातों दिन काम करेंगे। बीआरपीएल की इस पहल से, बिजली के काम से आने वाले उपभोक्ताओं को बैंकिंग की सुविधा भी मिल पाएगी। यही नहीं, नॉन टैरिफ इनकम के तहत कंपनी की आय भी बढ़ेगी, जिसका फायदा बिजली की दरों के निर्धारण के समय उपभोक्ताओं को मिलेगा।

नेहरू प्लेस मुख्यालय में एटीएम का उद्घाटन बीआरपीएल के सीईओ श्री गोपाल सक्सेना और एक्सिस बैंक में वाइस प्रेसिडेंट व दिल्ली–एनसीआर के सर्कल हेड श्री जेपी सिंह ने किया। इस मौके पर बीआरपीएल और एक्सिस बैंक के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

दरअसल, हाल ही में डीईआरसी ने अपने आदेश में बिजली कंपनियों से कहा था कि वे अपनी आय बढ़ाने के लिए नॉन टैरिफ इनकम के विकल्पों को खोजें। डीईआरसी के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए बीआरपीएल ने नॉन टैरिफ इनकम बढ़ाने के लिए यह प्रयोग किया है। इसके तहत बीआरपीएल ने एक्सिस बैंक से समझौता किया है। बीआरपीएल के एक अधिकारी के मुताबिक– इन एटीएम्स को बीएसईएस उपभोक्ताओं के लिए खास तौर पर विकसित किया जाएगा। आने वाले दिनों में, बीआरपीएल के जिन उपभोक्ताओं के पास एक्सिस बैंक का अकाउंट होगा, वे सीधे एटीएम से ही अपने बिजली बिल का भुगतान कर सकेंगे।

बीआरपीएल के सीईओ श्री गोपाल सक्सेना के मुताबिक, बिजली की थोक कीमतों के हिसाब से बिजली की खुदरा कीमतें हों– इस बात का कोई अन्य विकल्प नहीं हो सकता। अपने उपभोक्ताओं पर कुछ हद तक बिजली दरों के बोझ को कम करने के लिए बीआरपीएल नॉन टैरिफ इनकम के स्रोत ढूंढने की कोशिश कर रही है। अपने परिसरों में एटीएम्स लगवाना इसी दिशा में एक कदम है। उन्होंने कहा कि नॉन टैरिफ इनकम बढ़ने का फायदा अंततः उपभोक्ताओं को ही होगा। नॉन टैरिफ इनकम के तहत जो भी रकम आएगी, वह एआरआर में जाएगी, और इससे उपभोक्ताओं पर बिजली की दरों का बोझ कुछ हद तक कम करने में मदद मिलेगी।

**सब का फायदाः**

**उपभोक्ता–** उन्हें बिजली के ऑफिस में भी मिलेगी बैंकिंग सुविधा। जो उपभोक्ता नकद में भुगतान करना चाहते हैं, उन्हें पैसे लेकर बीआरपीएल ऑफिस आने की जरूरत नहीं। वे बीआरपीएल ऑफिसों में एटीएम से पैसे निकालकर, वहीं अपने बिजली बिलों का भुगतान कर सकेंगे।

**बैंक–** बीएसईएस के एक कस्टमर केयर सेंटर पर दिनभर में औसतन 1500 से 2000 लोग आते हैं। बैंक को ये ग्राहक मिलेंगे। यही नहीं, आम लोग भी वहां एटीएम की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

**बीएसईएस–** उपभोक्ताओं से बेहतर रिश्ते बनेंगे और नॉन टैरिफ रेवेन्यू बढ़ेगा। इससे उपभोक्ताओं पर बिजली दरों के बोझ को कुछ हद तक कम करने में मदद मिलेगी।

बीआरपीएल ऑफिसों में एटीएम लगवाना, कंपनी की उस पहल का हिस्सा है, जिसके तहत उपभोक्ता सेवाओं में लगातार बेहतरी के प्रयास किए जाते रहते हैं। जहां तक बिल भुगतान की सहूलियतों की बात है, तो बीआरपीएल उपभोक्ता 5000 से अधिक लोकेशनों पर बिल भुगतान कर सकते हैं। बीआरपीएल कैश काउंटरों के अलावा, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग, ऑटो डेबिट, सुविधा आउटलेट्स, एसएमएस, फोन, इंटरनेट, ईजी बिल आउटलेट्स, इट्ज कैश, ऑक्सीजन आउटलेट्स, बिल पेमेंट कियॉस्क, स्काईपैक ड्रॉप बॉक्स, निकट ड्रॉप बॉक्स, और जीवन सेंटर आदि पर भी बीआरपीएल के बिजली बिलों का भुगतान किया जा सकता है।

***दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआपीएल व बीवाईपीएल अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।***

.............................................................................................................................................................................

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: प्रशान्त दुआ — कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस– 39999870 / 9312007822

चंद्र पी कामत — कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस– 39999415 / 9350130304